# दिलीप नगर में नवनिर्मित सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण



## विधायक ने फीता काटकर कहा-क्षेत्र के लोगों को मिलेगी सुविधा

रतलाम। मध्यम वं गरीब वर्ग के नागरिकों के मांगलिक एवं सामाजिक कार्यों हेतु दिलीप नगर में विधायक व निगम निधि से निर्मित किये गये नवीन सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप ने जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ फीता काटकर किया।

इस अवसर लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप ने कहा कि दिलीप नगर व आपसपास के क्षेत्र में निवासरत गरीब व मध्यम वर्ग के नागरिकों को अपने मांगलिक व सामाजिक कार्यों हेतु मंहगे मांगलिक भवन बुक नहीं करना पड़ेगा अब वे अपने ही क्षेत्र में निर्मित सांस्कृतिक भवन में अपने मांगलिक व अन्य कार्यक्रम पूर्ण कर सकेगें जिससे उन्हे आर्थिक बचत भी होगी। उन्होने कहा कि विधायक व निगम निधि 44.21 लाख की लागत से सांस्कृतिक भवन का निर्माण पूर्ण करा दिया गया है अब इसे सहेजन की जिम्मेदारी क्षेत्रिय नागरिकों की है इस हेतु वे एक कमेटी गठित कर इसकी देखरेख करें। कार्यक्रम का संचालन हेमन्त राहौरी ने किया। राप्र

राज एक्सप्रेस 6/3/22

# नवनिर्मित सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण

रतलाम ● स्वदेश समाचार

मध्यम व गरीब वर्ग के नागरिकों के मांगलिक एवं सामाजिक कार्यों हेतु दिलीप नगर में विधायक व निगम निधि से निर्मित किए गए नवीन सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण विधायक चेतन्य काश्यप ने जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ फीता काटकर किया। नागरिकों ने श्री काश्यप का साफा बांधकर सम्मान किया।



इस अवसर लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि दिलीप नगर व आपसपास के क्षेत्र में निवासरत गरीब व मध्यम वर्ग के नागरिकों को अपने मांगलिक व सामाजिक कार्यों हेतु महंगे मांगलिक भवन बुक नहीं करना पड़ेंगे अब वे अपने ही क्षेत्र में निर्मित सांस्कृतिक भवन में अपने मांगलिक व अन्य कार्यक्रम पूर्ण कर सकेंगें,जिससे उन्हें आर्थिक बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि विधायक व निगम निधि 44.21 लाख की लागत से सांस्कृतिक भवन का निर्माण पूर्ण करा दिया गया है अब इसे सहेजन की जिम्मेदारी क्षेत्रीय नागरिकों की है, इस हेतु वे एक कमेटी गठित कर इसकी देखरेख करें। निर्मल कटारिया, अशोक जैन (लाला), जयवंत कोठारी, निलेश गांधी, कृष्णकुमार सोनी, कन्हैयालाल राठौर, हेमन्त राहौरी, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री मनीष तिवारी आदि भी उपस्थित थे। संचालन हेमन्त राहौरी ने किया व आभार रमेश पांचाल ने माना। स्वदेश

स्वदेश 6/3/22

## सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण किया

रतलाम | दिलीप नगर में विधायक व निगम निधि से बने नए सांस्कृतिक भवन का विधायक चेतन्य काश्यप ने लोकार्पण किया। उन्होंने कहा भवन 44.21 लाख रुपए की लागत बना है। इसे सहेजन की जिम्मेदारी क्षेत्रिय रहवासियों की है। एक कमेटी गठित कर देखरेख करें। निर्मल कटारिया, अशोक जैन, नीलेश गांधी, कृष्ण कुमार सोनी, हेमंत राहौरी, रमेश पांचाल उपस्थित रहे। रहवासियों ने विधायक का अभिनंदन भी किया।

# आयुष्मान कार्ड का लाभ देने के लिए वार्डों में लगे शिविर में लोगों को करना पड़ा इंतजार

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

आयुष्मान योजना का लाभ देने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर शनिवार को लगाए गए शिविरों में घंटो तक लोग भटकते दिखे। हालांकि जब मीडिया में ये खबरें फैलने लगी तो कर्मचारी शिविरों में पंहुचे।

कलेक्टर ने पिछली टीएल बैठक में यह निर्देश दिए थे कि शहर और जिलेभर में आयुष्मान कार्ड का लाभ लोगों को ज्यादा देने के लिए वार्डवार शिविर लगाने के निर्देश दिए थे। यह भी निर्देश दिए थे कि शिविर शनिवार और रविवार को लगाए जाएं, ताकि श्रमिक आदि भी इनका लाभ ले सकें। निर्देश के अनुसार आम्बेडकर भवन, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, बिरियाखेड़ी पर भी शिविर लगाए गए जो सुबह 11 बजे से प्रारंभ होने थे।

शिविरों के बाहर आम लोग सुबह 10 बजे से ही पहुंच भी गए, लेकिन लोगों की शिकायत है कि कहीं 12.30 तो कहीं 1 बजे तक कर्मचारी नहीं पंहुचे। इसके कारण लोगों को कहीं आधा तो कहीं एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। टीआईटी रोड निवासी मंजू शर्मा, रामदेवजी की घाटी निवासी सुभाष चौहान, बिरियाखेडी मदनलाल राठौर आदि ने बताया कि वे कागज लेकर सुबह पहुंचे लेकिन दोपहर तक नंबर नहीं आया।

दबंग 6/3/22

# आयुष्मान कार्ड आज भी बनाए जाएंगे

रतलाम | शहर में आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। शनिवार को आईएमए हॉल, अलकापुरी और आंबेडकर भवन में कार्ड बनाए हैं। एसडीएम रतलाम शहर राजेश शुक्ला ने आईएमए हॉल पहुंचकर कार्ड निर्माण कार्रवाई का निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार मनोज चौहान मौजूद थे। 13 हजार आयुष्मान कार्ड बनना है। रविवार को भी कैंप लगाए जाएंगे।

दै. भास्कर 6/3/22

# आयुष्मान कार्ड से वंचित हितग्राहियों का होगा घर-घर सर्वे

रतलाम। आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत शहर के वंचित पात्र हितग्राही के शत-प्रतिशत कार्ड बनाने के लिए नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम राजेश शुक्ला, उपायुक्त विकास सोलंकी ने विधायक सभागृह में ली। इसमें सभी को घर-घर सर्वे किए जाने के निर्देश दिए गए।

आयुक्त ने कहा कि जिस तरह आप सभी ने कोरोना वेक्सीनेशन का कार्य कर मानव जीवन को बचाया है। इसी तरह शेष रहे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनवाने का कार्य किया जाए। यह कार्य भी मानव जीवन से जुड़ा है। एसडीएम ने कहा कि घर-घर सर्वे के लिए शेष रहे हितग्राहियों की वार्ड वार सूची उपलब्ध कराई जाएगी। हितग्राहियों से बीएलओ व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संपर्क कर कामन सर्विस सेंटर पर ले जाकर कार्ड बनवाने का कार्य करें। सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री बीएल चौधरी, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, जोन प्रभारी किरण चौहान, विनय चौहान, वार्ड दरोगा, बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

**आयुष्मान कार्ड बनवाने कैंप में पहुंचे हितग्राही, आज भी लगेगा कैंप:** शहर में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर शनिवार को आइएमए हाल अलकापुरी तथा आंबेडकर भवन में कैंप आयोजित किया गया। एसडीएम रतलाम शहर राजेश शुक्ला द्वारा आइएमए हाल पहुंचकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार मनोज चौहान भी मौजूद रहे। बताया गया है कि रतलाम शहर में अभी 13 हजार आयुष्मान कार्ड बनाए जाना है। रविवार को भी उक्त स्थानों पर कैंप आयोजित किए जाएंगे।

नईदुनिया 6/3/22

# आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शहर में 5 तथा 6 मार्च को होंगे कैंप आयोजन

रतलाम, संवाददाता द्वारा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रतलाम शहर के पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए वृहद स्तर पर पहल की जा रही है। इस कड़ी में 5 तथा 6 मार्च को रतलाम शहर में कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। कैंप आयोजन अंबेडकर भवन पोलोग्राउंड के पास सदा कम्युनिटी हॉल अलकापुरी पर आयोजित होंगे। यह कैंप मेगा स्तर पर होंगे जिनमें सूची में पात्र व्यक्ति उपस्थित होकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इस संबंध में एसडीएम श्री राजेश शुक्ला द्वारा एक बैठक भी आयोजित की गई। शुक्रवार को आयोजित उक्त बैठक में डोर-टू-डोर सर्वे के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रूपए तक का निश्शुल्क उपचार प्रदान किया जाता है। इसके लिए नगर निगम कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बीएलओ का दल गठित किया गया है।

# हितग्राहियों का होगा घर-घर सर्वे

रतलाम | आयुष्मान भारत निरामय योजना में आयुष्मान कार्ड से बनने से वंचित रह गए पात्र हितग्राहियों को ढूंढने घर-घर सर्वे होगा। इसके लिए निगम अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी है। इनकी बैठक शुक्रवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम राजेश शुक्ला ने ली। एसडीएम ने बीएलओ व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हितग्राहियों को कॉमन सर्विस सेंटर ले जाकर कार्ड बनवाए। सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री बीएल चौधरी, मनीष तिवारी, बृजेश कुशवाह आदि मौजूद रहे।

दै. भास्कर 6/3/22

# 7 साल बाद जमीन पर उतरा शहर का पश्चिमी रिंग रोड

## सागोद रोड रेलवे फाटक पर बनेगा ओवर ब्रिज

भास्कर संवाददाता | रतलाम

2015 में मुख्यमंत्री की घोषणा के सात साल बाद अब शहर का पश्चिमी रिंग रोड फाइलों से निकलकर जमीन पर उतर आया है। शनिवार को विधायक चेतन्य काश्यप ने मेडिकल कॉलेज के पास वाले नंदलई फंटे पर यंत्र पूजा कर रिंग रोड निर्माण का शुभारंभ किया। 20.57 किमी लंबा यह नई सड़क नंदलई फंटे से शुरू होकर मांगरोल के यहां जाकर महू-नीमच फोरलेन से जुड़ेगी। शुभारंभ करने के बाद विधायक काश्यप ने कहा रिंगरोड सिर्फ यातायात प्रबंधन के लिए नहीं है। इससे विकास के नए रास्ते खुलते है। नंदलई-मांगरोल रिंगरोड से रतलाम में नए व्यवसायिक एवं आवासीय प्रयोजनों का मार्ग खुलेगा। इसके बीच आने वाले सागोद रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने की स्वीकृति हो गई है। इसके अलावा सैलाना रोड और जावरा रोड के बीच बने बंजली बायपास को फोरलेन बनाने की योजना है। प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के शासन को जल्द भेजेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा, प्रदीप उपाध्याय, मनोहर पोरवाल, शैलेंद्र डागा, अशोक पोरवाल, निमिष व्यास, नीलेश गांधी, मयूर पुरोहित, आदित्य डागा, मनोज शर्मा, विप्लव जैन आदि उपस्थित रहे। आभार लोक निर्माण विभाग के एसडीओपी पीके राय ने माना।



रिंग रोड का शुभारंभ करते विधायक।

### 47 पुल-पुलियाएं भी बनेंगी

पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री अनुरागसिंह ने बताया निर्माण पर 43.28 करोड़ से अधिक खर्च होंगे। इसमें 10 करोड़ भू-अर्जन, बाकी सड़क निर्माण का है। 21 अक्टूबर 2021 को वर्क ऑर्डर जारी हो चुका है। 18 माह में काम पूरा करने का लक्ष्य है। 7 मीटर चौड़ी सड़क के बीच 47 पुल-पुलियाएं बनेंगी। कार्यक्रम में ठेकेदार रामप्रसाद राठौड़ ने विधायक काश्यप का साफा पहनाकर सम्मान किया।

### विधायक ने बताए फायदे

- मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए सस्ते भूखण्ड एवं आवास की व्यवस्था करने में भी मदद मिलेगी।
- सीएम जल्द रतलाम मेडिकल कॉलेज के अस्पताल का शुभारंभ करने आएंगे, रिंग रोड से मरीजों को आने-जाने में सुविधा होगी।
- बंजली हवाई पट्टी को विस्तारित करने का प्रयास कर रहे हैं, बड़े प्लेन आ-जा सके।
- प्रदेश का दूसरा बड़ा निवेश क्षेत्र रिंग रोड के पास ही विकसित होगा।

दै. भास्कर 6/3/22

# आयुष्मान कार्ड से वंचित पात्र हितग्राहियों का होगा घर-घर सर्वे

## अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक में निगम आयुक्त ने दिए निर्देश



रतलाम ● स्वदेश समाचार

आयुष्मान भारत निरामयम योजना अन्तर्गत नगर के पात्र हितग्राही जो आयुष्मान कार्ड से वंचित है उनके शत-प्रतिशत कार्ड बनाए जाने हेतु नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम राजेश शुक्ला, उपायुक्त विकास सोलंकी ने विधायक सभागृह में बैठक लेकर घर-घर सर्वे किए जाने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों से कहा कि जिस तरह आप सभी ने कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य कर मानव जीवन को बचाया है । इसी तरह शेष रहे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनवाने का कार्य करें क्योंकि यह कार्य भी मानव जीवन से जुड़ा है। शत-प्रतिशत कार्ड बनाए जाने हेतु घर-घर सर्वे करें ताकि शेष रहे पात्र हितग्राहियों के कार्ड नि:शुल्क बनाए जाकर योजना का लाभ दिया जा सकें।

एसडीएम श्री शुक्ला ने कहा कि आयुष्मान कार्ड भारत सरकार की योजना है। इस हेतु यह कार्य पूरी निष्ठा व लगन से कर पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाए। घर-घर सर्वे हेतु शेष रहे हितग्राहियों की वार्ड वार सूची उपलब्ध कराई जाएगी। हितग्राहियों से बीएलओ व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संपर्क कर कॉमन सर्विस सेंटर पर ले जाकर कार्ड बनवाने का कार्य करें। इस अवसर पर सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री बीएल चौधरी, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, झोन प्रभारी किरण चौहान, विनय चौहान, वार्ड दरोगा, बीएलओ तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थीं। स्वदेश

स्वदेश 6/3/22

**जन्मदिन पर किया ऐलान:** 1 अप्रेल से 5 लाख कर्मचारियों को मिलेगा सीधा लाभ

# राज्य कर्मचारियों को केन्द्र के समान 31 प्रतिशत डीए मिलेगा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मध्यप्रदेश के कर्मचारियों के लिए खुशखबरी है। अब उन्हें केन्द्रीय कर्मचारियों के समान 31 प्रतिशत डीए मिलेगा। इसका लाभ उन्हें 1 अप्रेल से मिलेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को यह ऐलान किया। विधानसभा के बजट सत्र के पहले कर्मचारियों के लिए यह बड़ी सौगात है।

मालूम हो कि राज्य कर्मचारियों को अभी केन्द्रीय कर्मचारियों की तुलना में 11 प्रतिशत कम डीए मिल रहा है। सीएम के इस ऐलान का कर्मचारी संगठनों ने स्वागत किया है। इससे राज्य के करीब पांच लाख नियमित अधिकारी-कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा।

राज्य कर्मचारियों को वर्तमान में 20 प्रतिशत, जबकि केन्द्रीय कर्मचारियों को 31 प्रतिशत डीए मिल रहा है। कोरोना संक्रमण काल के दौरान कर्मचारियों को डीए नहीं मिला था। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोनाकाल में हम कर्मचारियों को डीए नहीं दे पाए, इसलिए अब यह राशि दी जा रही है। एक अप्रेल से इसका लाभ मिलेगा।

### कॉलेज में प्रवेश पर मिलेंगे एक मुश्त 25 हजार

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत कॉलेज में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को एक मुश्त 25 हजार रुपए दिए जाएंगे; जिससे बेटियों की पढ़ाई की व्यवस्था बेहतर ढंग से हो पाए।

### ₹150 मासिक जोखिम भत्ता भी मिलेगा



**पाद प्रक्षालन:** भोपाल के एमबीएम ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने सफाई मित्रों को भोजन परोसकर उनका सम्मान किया। सार्वजनिक कार्यक्रम में दो सफाई मित्रों छोटेलाल और निर्मलाबाई के पैर धोकर (पाद प्रक्षालन कर) उनके साथ भोजन भी किया। मुख्यमंत्री ने कन्याओं के पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। **फोटो: पत्रिका**

शहरों, कस्बों और गांवों को स्वच्छ रखने वाले सफाई मित्र मेरे लिए पूज्यनीय हैं। सफाई मित्रों के पसीना बहाने के फलस्वरूप ही स्वच्छता बनी रहती है। यह सबसे बड़ा काम है। यदि सफाई मित्र यह काम न करें तो शहर बीमार हो जाएंगे। इनका सेवा भाव प्रशंसनीय है।
**- शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री**

## सफाई मित्रों को स्टार रेटिंग के आधार पर मिलेंगे पुरस्कार

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में कचरा मुक्त शहर के लिए स्टार रेटिंग के आधार पर सफाई मित्रों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इसके लिए चार पुरस्कार दिए जाएंगे। 7 स्टार प्राप्त करने वाले शहर के प्रत्येक सफाई मित्र को 7 हजार रुपए, 5 स्टार को 5 हजार, 3 स्टार को 3 हजार और 1 स्टार को 1 हजार रुपए की सम्मान निधि दी जाएगी। साथ ही जोखिम का काम करने वाले सफाई मित्रों को 150 रुपए जोखिम भत्ता दिया जाएगा। पुरस्कारों के लिए 25 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया जाएगा। सफाई मित्रों के बच्चों की पढ़ाई-लिखाई सहित अन्य कठिनाइयों को दूर करने के प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए अलग से समस्याओं का अध्ययन कर समाधान की राह निकालेंगे। मुख्यमंत्री ने शनिवार को अपने जन्म वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में यह ऐलान किया।

पत्रिका।

पत्रिका 6/3/22

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 को

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली (नालसा) एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 12 मार्च (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन देश/प्रदेश के साथ ही जिला न्यायालय रतलाम एवं तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना, आलोट में किया जावेगा।

लोक अदालत में शमनीय प्रकृति के आपराधिक प्रकरण, सभी प्रकार के सिविल प्रकरण, चेक अनादरण प्रकरण, भरण पोषण एवं वैवाहिक विवादों से संबंधित शमनीय प्रकरण, विद्युत चोरी के प्रकरण तथा संपत्तिकर, जलकर, एवं बैंक व अन्य विभागों के बकाया राशि के वसूली प्रकरणों का राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जावेगा। जिनमें विभिन्न विभागों द्वारा शासन के दिशा निर्देशानुसार वसूली राशि में छूट भी प्रदान की जावेगी।

उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु माननीय श्री राजेश कुमार गुप्ता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जि.वि.से.प्रा. रतलाम के द्वारा समस्त न्यायाधीशगण तथा अन्य समस्त बैंकों तथा बीमा कंपनियों बीमा कंपनियों के अधिवक्तागणों के साथ बैठक कर उन्हें अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हित कर उन्हें निराकृत करने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये गये है, तथा आगामी दिवसों में भी लोक अदालत से पूर्व बैठके आहूत की गई है।

**परामर्शदाता संवर्ग के अपात्र आवेदकों की सूची जारी- रतलाम।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत परामर्शदाता संवर्ग के रिक्त पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी। इस संबंध में विभिन्न आवेदकों द्वारा कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किए। विज्ञप्ति में दर्शित अनिवार्य शर्तें पूरी न करने वाले अपात्र आवेदकों की सूची मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में चस्पा की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर नानावरे ने बताया कि आवेदक कार्यालयीन समय में सूची का अवलोकन कर सकते हैं। पात्र आवेदकों की सूची भी तैयार की गई है। प्रसारण/

प्रसारण/ 6/3/22

# जिले की न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 को

रतलाम ● देश, प्रदेश के साथ ही जिला न्यायालय रतलाम एवं तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना, आलोट में भी 12 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि लोक अदालत में शमनीय प्रकृति के आपराधिक प्रकरण, सभी प्रकार के सिविल प्रकरण, चेक अनादरण प्रकरण, भरण पोषण एवं वैवाहिक विवादों से संबंधित शमनीय प्रकरण, विद्युत चोरी के प्रकरण तथा संपत्ति कर, जल कर एवं बैंक व अन्य विभागों के बकाया राशि के वसूली प्रकरणों का राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जाएगा। जिनमें विभिन्न विभागों द्वारा शासन के दिशा निर्देशानुसार वसूली राशि में छूट भी प्रदान की जाएगी। स्वदेश/

# नेशनल लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों का निराकरण कराया जाए

रतलाम। देशभर के साथ ही जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 मार्च को किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व प्रधान न्यायाधीश राजेशकुमार गुप्ता ने न्यायाधीशों, बैंकों व बीमा कंपनियों के अभिभाषकों के साथ बैठक की। उन्होंने नेशनल लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों को चिन्हित कर उनका निराकरण कराने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव (जिला न्यायाधीश) अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि जिला न्यायालय के साथ ही सैलाना, जावरा व आलोट तहसील न्यायालय में भी नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें शमनीय प्रकृति के आपराधिक प्रकरण, सभी प्रकार के सिविल प्रकरण, चेक अनादरण, भरण पोषण एवं वैवाहिक विवादों से संबंधित शमनीय प्रकरण, विद्युत चोरी तथा संपत्तिकर, जलकर, बैंकों व अन्य विभागों के बकाया राशि के वसूली प्रकरणों का राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जाएगा। नईदु-

नईदुनिया/ 6/3/22

# नेशनल लोक अदालत का 12 को

रतलाम। म.प्र. विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा सभी तहसील एवं जिला न्यायालयों में 12 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। भारत संचार निगम लिमिटेड के लेखा अधिकारी भारत चंदेल ने बताया कि भारत सचार निगम लिमिटेड ने भी अपनी राजस्व की लंबित राशि से संबंधित लगभग 579 प्रकरणों को रतलाम, जावरा, सैलाना तथा आलोट न्यायालयों में प्रस्तुत किया है। संबंधित खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रकरण का निराकरण किया जाएगा। भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा अनुसार प्रकरण के निराकरण के लिए बीएसएनएल के कार्यालय में भी 12 मार्च के पूर्व सम्पर्क कर छूट का लाभ उठा सकते हैं। बीएसएनएल ने आपसी समझौते से 10 से 50 प्रतिशत तक छूट का लाभ लेकर प्रकरण निपटाने का अनुरोध किया है। नवभारत

# नेशनल लोक अदालत 12 को

रतलाम। 12 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। इसमें शमनीय प्रकृति के आपराधिक प्रकरण, सभी प्रकार के सिविल प्रकरण, चेक अनादरण प्रकरण, भरण पोषण व वैवाहिक विवादों से संबंधित शमनीय प्रकरण, विद्युत चोरी के प्रकरण, संपत्तिकर, जलकर, बैंक, अन्य विभागों के बकाया राशि के वसूली प्रकरणों का राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जाएगा। इनमें विभिन्न विभागों द्वारा शासन के दिशा निर्देशानुसार वसूली राशि में छूट दी जाएगी। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने न्यायाधीशगण, बैंकों, बीमा कंपनियों उनके अधिवक्तागणों के साथ बैठक कर प्रकरणों को चिन्हित कर उन्हें निराकृत करने हेतु दिशा-निर्देश दिए।

भास्कर/

# ी मां का श्रृंगार करें जन-जन अंकुर महाअभियान को सफल बनाएं

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

राष्ट्र वंदना लिए आज़ादी का अमृत महोत्सव भारत सरकार म.प्र. शासन रतलाम जिला प्रशासन के अथक प्रयासों से अंकुर महाअभियान के तहत स्वच्छ स्वस्थ समृद्ध हरा-भरा हों स्वराज हमारा संकल्प लिए अधिकाधिक संख्या में औषधीय गुणों से भरपूर पौधारोपण कार्य कर प्रकृति पर्यावरण संरक्षण संवर्धन संकल्प लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिवस पर विधायक चेतन्य काश्यप कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एसपी अभिषेक तिवारी निगम आयुक्त सोमनाथ झारीया के मार्गदर्शन व सामाजिक संगठनों के सहयोग से पतंजलि युवा भारत जिला रतलाम म.प्र.पश्चिम पांचों संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में युवा जिला प्रभारी विशाल कुमार वर्मा के नेतृत्व में 5 मार्च प्रातः10



बजें अमृत सागर तालाब उद्यान परिसर त्रिपोलिया गेट रतलाम पर किया गया।

प्रसारण

औषधीय पेड़ लगाए भेंट करें यह सबसे सर्वश्रेष्ठ उपहारों में से एक है जो आने वाली युवा भावी पीढ़ी के लिए वरदान है। प्रत्येक दिन औषधीय पौधारोपण कर प्रकृति पर्यावरण संरक्षण संवर्धन संकल्प लिए जन-जन हर घर-परिवार आंगन भारतीय नागरिक जागरूक होकर स्वच्छ स्वस्थ समृद्ध हरा-भरा हों स्वराज हमारा संकल्प लिए अधिकाधिक संख्या में औषधीय पेड़ लगाए धरती मां का श्रृंगार करें।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चेतन्य काश्यप को इंसुलिन प्लांट शुगर पौधा पतंजलि युवा भारत जिला प्रभारी विशाल कुमार वर्मा द्वारा भेंट किया गया संपूर्ण रतलाम जिले में औषधीय उद्यानों में भी इंसुलिन प्लांट शुगर पौधा रोपण व जरूरतमंदों को भेंट कर उद्यानों को विकसित कर आमजनों को जागरूक करने में हर-संभव प्रयत्नशील हैं।

प्रसारण 6/3/22

# स्वीकृत कार्यों की हकीकत जानने निकले कलेक्टर और विधायक



## सोमवार से काम शुरू करने की हिदायत

प्रसारण न्यूज • रतलाम

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम व शहर विधायक चेतन्य काश्यप शनिवार सुबह नगर निगम के निर्माण कार्यों के निरीक्षण पर निकले। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के जन्मदिन के अवसर पर अंकुर अभियान के तहत सुबह 11 बजे अमृत सागर तालाब पर पौधारोपण कार्यक्रम के बाद विधायक काश्यप व कलेक्टर पुरुषोत्तम ने अमृत सागर तालाब परियोजना

### इन स्थानों का किया निरीक्षण

विधायक व कलेक्टर ने चौमुखीपुल से गणेशदेवरी तक सीसी रोड़ के भूमि पूजन के बाद वहां की ट्रैफिक व्यवस्था, अतिक्रमण व सब्जी विक्रेता के साथ हॉकर्स को विस्थापित करने पर चर्चा की। इसके बाद पैलेस रोड़ पर नव निर्मित सीसी रोड़ की गुणवत्ता को जानने व अधूरे कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। सेठ जी का बाजार में बनने वाली सीसी रोड़ के निरीक्षण के दौरान ठेकेदार ने लेबर की समस्या का हवाला देते हुए काम 18 मार्च के बाद करने की बात कही तो कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में ठेकेदार को सोमवार से काम को शुरू करने की हिदायत दी। कलेक्टर व विधायक ने साथ ही आनन्द कॉलोनी, डोंगरे नगर, टैंकर रोड़, मॉर्निंग स्टार स्कूल क्षेत्र की रोड़ का जायजा लिया। कलेक्टर व

## प्रभारी मंत्री रतलाम जिले के दौरे पर गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगे

**रतलाम।** जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया 6 मार्च रविवार को रतलाम जिले के दौरे पर रहेंगे। श्री भदौरिया जिले के गणमान्य नागरिकों भेट करेंगे तथा पार्टी द्वारा चलाये जा रहे समर्पण नीधि संग्रह अभियान की समीक्षा करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी अरूण राव ने बताया कि श्री भदौरिया प्रात: 7 बजे स्थानीय विश्राम गृह पहूचेंगे। प्रात: 10 बजे विश्राम गृह पर शहर के गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगे। प्रात: 11.30 बजे रतलाम से जावरा के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12

## कल आयोजित होगा अन्न उत्सव

रतलाम। जिले सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव 7 मार्च को आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को निर्देशित किया है कि सभी उचित मूल्य दुकानों पर आवंटन अनुसार खाद्यान्न का प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी ने बताया कि जिले की 464 उचित मूल्य दुकानों पर 7 मार्च को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सतर्कता समिति के सदस्यों की उपस्थिति में अन्न उत्सव आयोजित किया जाएगा तथा 59 उचित मूल्य दुकानों पर 8 मार्च को अन्न उत्सव आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत पात्र परिवारों को रियायती दर पर नियमित एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत निःशुल्क खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया जाएगा। अन्न उत्सव आयोजन के लिए प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर पात्र हितग्राहियों से फीडबैक फार्म भी भरवाए जाएंगे। जिले में उक्त आयोजन के मानिटरिंग हेतु सहायक संचालक श्री पी.एल. राय खाद्य संचालनालय भोपाल को नियुक्त किया गया है। उपभोक्ताओ को राशन प्राप्त करने में यदि कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो जिला स्तरीय पीडीएस नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमां 07412-270414 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। नवभारत

## 7 मार्च को आयोजित होगा अन्न उत्सव

रतलाम। जिले सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव 7 मार्च को आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को निर्देशित किया है कि सभी उचित मूल्य दुकानों पर आवंटन अनुसार खाद्यान्न का प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी ने बताया कि जिले की 464 उचित मूल्य दुकानों पर 7 मार्च को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सतर्कता समिति के सदस्यों की उपस्थिति में अन्न उत्सव आयोजित किया जाएगा तथा 59 उचित मूल्य दुकानों पर 8 मार्च को अन्न उत्सव आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत पात्र परिवारों को रियायती दर पर नियमित एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया जाएगा। अन्न उत्सव आयोजन के लिए प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर पात्र हितग्राहियों से फीडबैक फार्म भी भरवाए जाएंगे। जिले में उक्त आयोजन के मानिटरिंग हेतु सहायक संचालक पी.एल. राय खाद्य संचालनालय भोपाल को नियुक्त किया गया है। उपभोक्ताओ को राशन प्राप्त करने में यदि कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो जिला स्तरीय पीडीएस नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमां 07412-270414 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## 7 मार्च को आयोजित होगा अन्न उत्सव

प्रसारण न्यूज • रतलाम

जिले सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव 7 मार्च को आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को निर्देशित किया है कि सभी उचित मूल्य दुकानों पर आवंटन अनुसार खाद्यान्न का प्रदाय सुनिश्चित किया जाए।

जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी ने बताया कि जिले की 464 उचित मूल्य दुकानों पर 7 मार्च को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सतर्कता समिति के सदस्यों की उपस्थिति में अन्न उत्सव आयोजित किया जाएगा तथा 59 उचित मूल्य दुकानों पर 8 मार्च को अन्न उत्सव आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत पात्र परिवारों को रियायती दर पर नियमित एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया जाएगा।

अन्न उत्सव आयोजन के लिए प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर पात्र हितग्राहियों से फीडबैक फार्म भी भरवाए जाएंगे। जिले में उक्त आयोजन के मॉनिटरिंग हेतु सहायक संचालक पी.एल. राय खाद्य संचालनालय भोपाल को नियुक्त किया गया है। उपभोक्ताओ को राशन प्राप्त करने में यदि कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो जिला स्तरीय पीडीएस नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमां 07412-270414 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्रसारण

## अन्न उत्सव कल

रतलाम। जिले के सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव सात मार्च को आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को निर्देशित किया है कि सभी उचित मूल्य दुकानों पर आवंटन अनुसार खाद्यान्न का प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी ने बताया कि जिले की 464 उचित मूल्य दुकानों पर सात मार्च को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सतर्कता समिति के सदस्यों की उपस्थिति में व 59 उचित मूल्य दुकानों पर आठ मार्च को अन्न उत्सव आयोजन किया जाएगा। हितग्राहियों को निशुल्क खाद्यान्न सामग्री का वितरण होगा। अन्न उत्सव आयोजन के लिए प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर पात्र हितग्राहियों से फीडबैक फार्म भी भरवाए जाएंगे। जिले मे उक्त आयोजन के मानीटरिंग के लिए सहायक संचालक पीएल राय खाद्य संचालनालय भोपाल को नियुक्त किया गया है। उपभोक्ताओं को राशन प्राप्त करने में यदि कोई कठिनाई हो तो जिला स्तरीय पीडीएस नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमांक 07412-270414 पर शिकायत दर्ज करा सकते है।

## अन्न उत्सव 7 मार्च को

**रतलाम.** जिले में सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर 7 [illegible] उत्सव आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने [illegible] नागरिक आपूर्ति निगम को निर्देशित किया है कि सभी उचित मूल[illegible] आवंटन अनुसार खाद्यान्न का प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। जिला आपू[illegible] एस.एच. चौधरी ने बताया कि जिले की 464 उचित मूल्य दुका[illegible] को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सतर्कता समिति के सदस्यों की [illegible] अन्न उत्सव आयोजित किया जाएगा। 59 उचित मूल्य दुकानों प[illegible] अन्न उत्सव आयोजन किया जाएगा। पात्र परिवारों को रियायती द[illegible] एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत नि:शुल्क ख[illegible] का वितरण किया जाएगा। पत्रिका

## 7 मार्च को आयोजित होगा अन्न उत्सव

**रतलाम।** जिले सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव 7 मार्च को आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को निर्देशित किया है कि सभी उचित मूल्य दुकानों पर आवंटन अनुसार खाद्यान्न का प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच.चौधरी ने बताया कि जिले की 464 उचित मूल्य दुकानों पर 7 मार्च को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सतर्कता समिति के सदस्यों की उपस्थिति में अन्न उत्सव आयोजित किया जाएगा तथा 59 उचित मूल्य दुकानों पर 8 मार्च को अन्न उत्सव आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अन्तर्गत पात्र परिवारों को रियायती दर पर नियमित एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत निःशुल्क खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया जाएगा। अन्न उत्सव आयोजन के लिए प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर पात्र हितग्राहियों से फीडबैक फार्म भी भरवाए जाएंगे। जिले में उक्त आयोजन के मानिटरिंग हेतु सहायक संचालक पी.एल.राय खाद्य संचालनालय भोपाल को नियुक्त किया गया है। उपभोक्ताओ को राशन प्राप्त करने में यदि कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो जिला स्तरीय पीडीएस नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमां 07412-270414 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

आज लगेगा जन आरोग्य मेला

जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न

# उप समितियों ने गाइड लाइन दरों का अनुमोदन किया

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**
वर्ष 2022-23 के लिए जिले की अचल संपत्तियों की दरों के निर्धारण हेतु जिला मूल्यांकन समिति की बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उप समितियों द्वारा प्रस्तावित रतलाम, जावरा, आलोट, सैलाना की अचल संपत्तियों, अनंतिम गाइड लाइन दरों का अनुमोदन किया गया। अनंतिम गाइड लाइन दरें जनसामान्य के अवलोकन तथा सुझाव के लिए उपपंजीयक कार्यालयों में भौतिक रूप से उपलब्ध रहेंगी।

जिले में स्थित संपत्तियों में 1 अप्रैल से 19 प्रतिशत की औसत वृद्धि प्रस्तावित की गई है। उक्त दरे आमजन के सुझाव के लिए 4 मार्च से अवलोकन हेतु समस्त पंजीयन कार्यालय में उपलब्ध है। आमजन अपने सुझाव 8 मार्च की शाम 4 बजे तक जिला पंजीयक तथा उपपंजीयक कार्यालय में दे सकते हैं। उसके उपरांत अनुमोदन के लिए भोपाल प्रेषित कर दी जाएगी। बैठक में वरिष्ठ पंजीयक डॉ. अमरीश नायडू उपस्थित थे।

बताया गया कि वर्ष 2022-23 के तहत 1758 शहरी लोकेशन तथा 1419 ग्रामीण लोकेशन के लिए दरें प्रस्तावित की गई। मुख्य वाणिज्यिक मार्गों में आवासीय तथा व्यवसायिक दरों को एक समान किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में संपदा-2 की तैयारी भी चल रही है जिसके अंतर्गत गाइड लाइन की लोकेशन जियो टैगिंग की जा रही है। उसकी सुविधा अनुसार समान दर वाली आसपास की लोकेशन को आपस में मर्ज किया गया है प्रस्तावित गाइड लाइन वर्ष 2022 में कुल प्रविष्ठियों की संख्या 905 बची है। नई गाइड लाइन में रतलाम के प्लानिंग एरिया तथा नान प्लानिंग एरिया की लोकेशन में 20 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित की गई है। मर्जर के बाद 80 नई लोकेशन बनाई गई है। ऐसी लोकेशन जिन की दरें पास की लोकेशन की तुलना में कम है उन्हें पास की लोकेशन के बराबर करने के लिए युक्तियुक्तकरण किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्लाट के न्यूनतम रेट 1000 रुपए प्रति वर्ग मीटर तथा व्यवसायिक रेट 2000 रुपए प्रति वर्ग मीटर किए जा रहे हैं। स्वदेश

स्वदेश 6/3/22



# सोमवार से काम शुरू करने की हिदायत

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम व शहर विधायक चेतन्य काश्यप शनिवार सुबह नगर निगम के निर्माण कार्यों के निरीक्षण पर निकले। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के जन्मदिन के अवसर पर अंकुर अभियान के तहत सुबह 11 बजे अमृत सागर तालाब पर पौधारोपण कार्यक्रम के बाद विधायक काश्यप व कलेक्टर पुरुषोत्तम ने अमृत सागर तालाब परियोजना के कार्य का निरीक्षण किया।

तालाब परियोजना के निरीक्षण के बांद विधायक व अधिकारियो ने चौमुखीपूल से गणेश देवरी तक बनने वाली सीसी रोड़ का भूमि पूजन किया।

कलेक्टर ने सभी कार्यों के निरीक्षण के दौरान जिम्मेदारो को समयावधि में कार्य पूरे करने के सख्त निर्देश दिए। शहर विधायक ने निर्देश दिए की कार्य के दौरान आमजन को समस्या ना हो इसका ध्यान रखा जाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, राजेश पाटीदार, दीक्षा निजामपुरकर आदि मौजूद थे।

गौरतलब है की कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बुधवार को हुई समीक्षा बैठक के दौरान असंतोष व्यक्त करते हुए कहा था की शहर में नगर निगम द्वारा बड़ी संख्या में कार्य स्वीकृत किए गए हैं परंतु कार्य होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। जिसके बाद आज कलेक्टर व विधायक ने संयुक्त रूप से 10 से अधिक स्थानो पर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

## इन स्थानों का किया निरीक्षण

विधायक व कलेक्टर ने चौमुखीपूल से गणेशदेवरी तक सीसी रोड़ के भूमि पूजन के बाद वहां की ट्रैफिक व्यवस्था, अतिक्रमण व सब्जी विक्रेता के साथ हॉकर्स को विस्थापित करने पर चर्चा की। इसके बाद पैलेस रोड़ पर नव निर्मित सीसी रोड़ की गुणवत्ता को जानने व अधूरे कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। सेठ जी का बाजार में बनने वाली सीसी रोड़ के निरीक्षण के दौरान ठेकेदार ने लेबर की समस्या का हवाला देते हुए काम 18 मार्च के बाद करने की बात कही तो कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में ठेकेदार को सोमवार से काम को शुरू करने की हिदायत दी। कलेक्टर व विधायक ने साथ ही आनन्द कॉलोनी, डोंगरे नगर, टैंकर रोड़, मॉर्निंग स्टार स्कूल क्षेत्र की रोड़ का जायजा लिया। कलेक्टर व विधायक ने जवाहर नगर मुक्तिधाम पहुंचकर वहां बन रहे रोड के निर्माण कार्य तथा पास की भूमि पर हॉकर्स जॉन के निर्माण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश निगम अधिकारियो को दिए। हॉकर्स जॉन के निर्माण को लेकर अधिकारी सैलाना रोड़ ओवर ब्रिज के नीचे भी पहुंचकर निरीक्षण किया। जल्द ही मुख्य बाजारों से हॉकर्स झोन की शिफ्टिंग इन दो चयनित स्थानों पर करने की तैयारी की जाएगी।

## प्रभारी मंत्री रतलाम जिले के दौरे पर गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगे

**रतलाम।** जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस.भदौरिया 6 मार्च रविवार को रतलाम जिले के दौरे पर रहेंगे। श्री भदौरिया जिले के गणमान्य नागरिको भेट करेंगे तथा पार्टी द्वारा चलाये जा रहे समर्पण नीधि संग्रह अभियान की समीक्षा करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी अरुण राव ने बताया कि श्री भदौरिया प्रातः 7 बजे स्थानीय विश्राम गृह पहूंचेंगे। प्रात: 10 बजे विश्राम गृह पर शहर के गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगे। प्रात: 11.30 बजे रतलाम से जावरा के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12 बजे जावरा विश्राम गृह पर आगमन के पश्चात् गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगे। दोपहर 1.30 बजे जावरा से ताल के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर दो बजे ताल आगमन के पश्चात आम्बेडकर मांगलिक भवन ताल मे गणमान्य नागरिकों से चर्चा करेंगे। दोपहर 3 बजे ताल से आलोट के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 3.30 बजे आलोट पहुंचकर स्थानीय विश्राम गृह मे गणमान्य नागरिकों से भेट करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया दोपहर 4 बजे आलोट से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

प्रसारण

प्रसारण 6/3/22

# आज जिले के भ्रमण पर रहेंगे प्रभारी मंत्री

रतलाम। जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया छह मार्च को जिले के दौरे पर रहेंगे। वे जिले के गणमान्य नागरिकों से भेंट करेंगे तथा पार्टी द्वारा चलाए जा रहे समर्पण निधि संग्रह अभियान की समीक्षा करेंगे।

इस दौरान भाजपा जिला संगठन प्रभारी श्यामसुंदर शर्मा, जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा उनके साथ रहेंगे। रतलाम में शहर विधायक चेतन्य काश्यप, जावरा क्षेत्र में सांसद सुधीर गुप्ता, आलोट क्षेत्र में सांसद अनिल फिरोजिया व पूर्व विधायक जितेंद्र गेहलोत उपस्थित रहेंगे।

भाजपा मीडिया प्रभारी अरुण राव ने बताया कि भदौरिया सुबह सात बजे स्थानीय विश्राम गृह पहुंचेंगे। 10 बजे विश्राम गृह पर शहर के गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगे। 11:30 बजे रतलाम से जावरा के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12 बजे जावरा विश्राम गृह पर आगमन के पश्चात गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगे। दोपहर 1:30 बजे जावरा से ताल के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर दो बजे ताल आगमन के पश्चात आंबेडकर मांगलिक भवन ताल में गणमान्य नागरिकों से चर्चा करेंगे। दोपहर तीन बजे ताल से आलोट के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 3:30 बजे आलोट पहुंचकर स्थानीय विश्राम गृह में गणमान्य नागरिकों से भेंट करेंगे। प्रभारी मंत्री भदौरिया शाम चार बजे आलोट से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

नई.

नईदुनिया 6/3/22

# प्रभारी मंत्री श्री ओपीएस भदौरिया का दौरा कार्यक्रम

रतलाम। नगरीय विकास, आवास तथा जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया 6 मार्च को रतलाम जिले के भ्रमण पर रहेंगे। भ्रमण कार्यक्रम अनुसार श्री भदौरिया 6 मार्च को प्रात: 07.00 बजे सर्किट हाउस आएंगे। 10.00 बजे सर्किट हाउस में गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगे। 11.30 बजे जावरा के लिए प्रस्थित होकर दोपहर 12.00 बजे जावरा सर्किट हाउस में गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करने के बाद दोपहर 1.30 बजे ताल के लिए रवाना होंगे। दोपहर 2.00 बजे आम्बेडकर भवन ताल में गणमान्य नागरिकों से मुलाकात कर दोपहर 3.00 बजे आलोट के लिए प्रस्थित होंगे। दोपहर 3.30 बजे सर्किट हाउस आलोट में गणमान्य नागरिकों से मुलाकात कर सायं 4.00 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। नवभारत

नवभारत 6/3/22

# प्रभारी मंत्री रतलाम जिले के दौरे पर गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगे

रतलाम। जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस.भदौरिया 6 मार्च रविवार को रतलाम जिले के दौरे पर रहेंगे। श्री भदौरिया जिले के गणमान्य नागरिकों भेट करेंगे तथा पार्टी द्वारा चलाये जा रहे समर्पण नीधि संग्रह अभियान की समीक्षा करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी अरुण राव ने बताया कि श्री भदौरिया प्रात: 7 बजे स्थानीय विश्राम गृह पहूंचेंगे। प्रात: 10 बजे विश्राम गृह पर शहर के गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगे। प्रात: 11.30 बजे रतलाम से जावरा के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12 बजे जावरा विश्राम गृह पर आगमन के पश्चात् गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगे। दोपहर 1.30 बजे जावरा से ताल के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर दो बजे ताल आगमन के पश्चात आम्बेडकर मांगलिक भवन ताल मे गणमान्य नागरिकों से चर्चा करेंगे। दोपहर 3 बजे ताल से आलोट के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 3.30 बजे आलोट पहुंचकर स्थानीय विश्राम गृह मे गणमान्य नागरिको से भेट करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया दोपहर 4 बजे आलोट से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 6/3/22

# प्रभारी मंत्री भदौरिया आज रतलाम में

**रतलाम.** नगरीय विकास, आवास तथा जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया 6 मार्च को रतलाम जिले के भ्रमण पर रहेंगे। प्रभारी मंत्री सुबह 7 बजे सर्किट हाउस आएंगे। यहां से 10 बजे गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगे। 11.30 बजे जावरा के लिए प्रस्थित होकर दोपहर 12 बजे जावरा सर्किट हाउस में गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगे। उसके बाद दोपहर 1.30 बजे ताल के लिए रवाना होंगे। दोपहर 2 बजे अम्बेडकर भवन ताल में गणमान्य नागरिकों से मुलाकात कर दोपहर 3 बजे आलोट के लिए के लिए रवाना होंगे। यहां दोपहर 3.30 बजे सर्किट हाउस आलोट में गणमान्य नागरिकों से मुलाकात कर सायं 4 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

पत्रिका

पत्रिका 6/3/22

# प्रभारी मंत्री भदौरिया आज जिले में रहेंगे

रतलाम | जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया 6 मार्च को जिले का दौरा करेंगे। गणमान्य नागरिकों भेंट करने के साथ भाजपा के समर्पण निधि संग्रह अभियान की समीक्षा करेंगे। शहर में विधायक चेतन्य काश्यप, सांसद सुधीर गुप्ता, सांसद अनिल फिरोजिया, पूर्व विधायक जितेंद्र गेहलोत भी मौजूद होंगे। भाजपा मीडिया प्रभारी अरुण राव ने प्रभारी मंत्री रविवार सुबह 10 बजे रतलाम सर्किट हाउस और दोपहर 12 बजे जावरा सर्किट हाउस, दोपहर 2 बजे ताल के आंबेडकर मांगलिक भवन, दोपहर 3.30 बजे आलोट विश्राम गृह में मुलाकात करेंगे।

भास्कर

द.भास्कर 6/3/22

# सेवानिवृत्ति पर समाज ने दशोत्तर का सम्मान किया



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

नगर निगम के सेवानिवृत्त सिटी इंजीनियर अरविंद दशोतर के 41 वर्ष की सेवा काल के पश्चात नगर निगम से सेवानिवृत्ति होने पर श्री श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज प्रबंध कारिणी एवं समाजजनों द्वारा समाज अध्यक्ष प्रकाश व्यास की उपस्थिति में साल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर शहर को दी गई अपनी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज सचिव अविनाश व्यास, मयंक दवे, पूर्व अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजीव दशोत्तर, धर्मेंद्र व्यास, अशोक व्यास, देवेंद्र व्यास, विजय दवे, प्रशांत व्यास, प्रदीप ओझा, वैभव व्यास, गोविंद त्रिवेदी आदि उपस्थित थे। प्रसारण

प्रसारण 6/3/22

# सेवानिवृत्ति पर समाज ने दशोत्तर का सम्मान किया

रतलाम ● नगर निगम सिटी इंजीनियर अरविंद दशोतर के 41 वर्ष की सेवा काल के पश्चात सेवानिवृत्ति होने पर श्री-श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज प्रबंध कारिणी एवं समाजजनों द्वारा समाज अध्यक्ष प्रकाश व्यास की उपस्थिति में शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर शहर को दी गई



अपनी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज सचिव अविनाश व्यास, मयंक दवे, पूर्व अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव दशोत्तर, धर्मेंद्र व्यास, अशोक व्यास, देवेंद्र व्यास ,विजय दवे, प्रशांत व्यास, प्रदीप ओझा, वैभव व्यास, गोविंद त्रिवेदी आदि उपस्थित थे। स्वदेश

स्वदेश 6/3/22

# अनंतिम गाइड लाइन दरों का अनुमोदन किया

## जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न

**रतलाम।** वर्ष 2022-23 के लिए रतलाम जिले की अचल संपत्तियों की दरों के निर्धारण हेतु जिला मूल्यांकन समिति की बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उप समितियों द्वारा प्रस्तावित रतलाम, जावरा, आलोट, सैलाना की अचल संपत्तियों, अनंतिम गाइड लाइन दरों का अनुमोदन किया गया। अनंतिम गाइड लाइन दरें जनसामान्य के अवलोकन तथा सुझाव के लिए उपपंजीयक कार्यालयों में भौतिक रूप से उपलब्ध रहेंगी। जिले में स्थित संपत्तियों में 1 अप्रैल से 19 प्रतिशत की औसत वृद्धि प्रस्तावित की गई है। उक्त दरें आमजन के सुझाव के लिए 4 मार्च से अवलोकन हेतु समस्त पंजीयन कार्यालय में उपलब्ध है। आमजन अपने सुझाव आगामी 8 मार्च की शाम 4 बजे तक जिला पंजीयक तथा उपपंजीयक कार्यालय में दे सकते हैं। उसके उपरांत अनुमोदन के लिए भोपाल प्रेषित कर दी जाएगी। बैठक में वरिष्ठ पंजीयक डॉ.अमरीश नायडू उपस्थित थे। बताया गया कि वर्ष 2022-23 के तहत 1758 शहरी लोकेशन तथा 1419 ग्रामीण लोकेशन के लिए दरें प्रस्तावित की गई। मुख्य वाणिज्यिक मार्गों में आवासीय तथा व्यवसायिक दरों को एक समान किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में संपदा 2 की तैयारी भी चल रही है जिसके अंतर्गत गाइड लाइन की लोकेशन जियो टैगिंग की जा रही है। उसकी सुविधा अनुसार समान दर वाली आसपास की लोकेशन को आपस में मर्ज किया गया है प्रस्तावित गाइड लाइन वर्ष 2022 में कुल प्रविष्ठियों की संख्या 905 बची है। नई गाइड लाइन में रतलाम के प्लानिंग एरिया तथा नान प्लानिंग एरिया की लोकेशन में 20 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित की गई है। मर्जर के बाद 80 नई लोकेशन बनाई गई है। ऐसी लोकेशन जिन की दरें पास की लोकेशन की तुलना में कम है उन्हें पास की लोकेशन के बराबर करने के लिए युक्तियुक्तकरण किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्लाट के न्यूनतम रेट 1000 रूपए प्रति वर्ग मीटर तथा व्यवसायिक रेट 2000 रूपए प्रति वर्ग मीटर किए जा रहे हैं। २१७

राज एक्सप्रेस 6/3/22

# 1 अप्रैल से जिले में संपत्तियों में होगी लगभग 19 फीसदी की वृद्धि

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

जिले में संपत्तियों में 1 अप्रैल से 19 प्रतिशत की औसत वृद्धि प्रस्तावित की गई है। ये दरें आमजन के सुझाव के लिए 4 मार्च से अवलोकन हेतु समस्त पंजीयन कार्यालय में उपलब्ध हैं। वर्ष 2022-23 के तहत 1758 शहरी लोकेशन तथा 1419 ग्रामीण लोकेशन के लिए दरें प्रस्तावित की गई। मुख्य वाणिज्यिक मार्गों में आवासीय तथा व्यावसायिक दरों को एक समान किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में संपदा 2 की तैयारी भी चल रही है जिसके अंतर्गत गाइड लाइन की लोकेशन जियो टैगिंग की जा रही है। उसकी सुविधा अनुसार समान दर वाली आसपास की लोकेशन को आपस में मर्ज किया गया है।

यह निर्णय जिले की अचल संपत्तियों की दरों के निर्धारण हेतु जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में लिए गए।

वर्ष 2022-23 के लिए हुई बैठक में उप समितियों द्वारा प्रस्तावित रतलाम, जावरा, आलोट, सैलाना की अचल संपत्तियों अंतिम गाइड लाइन दरों का अनुमोदन किया गया। गाइड लाइन दरें जनसामान्य के अवलोकन तथा सुझाव के लिए उपपंजीयक कार्यालयों में भौतिक रूप से उपलब्ध रहेंगी। बैठक में बताया गया कि आमजन अपने सुझाव आगामी 8 मार्च की शाम 4 बजे तक जिला पंजीयक तथा उपपंजीयक कार्यालय में दे सकते हैं। उसके उपरांत अनुमोदन के लिए भोपाल प्रेषित कर दी जाएगी।

## जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

### नॉन प्लानिंग एरिया में 20 फीसदी वृद्धि

बैठक में वरिष्ठ पंजीयक डॉ. अमरीश नायडू उपस्थित थे। बताया गया कि प्रस्तावित गाइड लाइन वर्ष 2022 में कुल प्रविष्टियों की संख्या 905 बची है। नई गाइड लाइन में रतलाम के प्लानिंग एरिया तथा नान प्लानिंग एरिया की लोकेशन में 20 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित की गई है। मर्जर के बाद 80 नई लोकेशन बनाई गई है। ऐसी लोकेशन जिन की दरें पास की लोकेशन की तुलना में कम है उन्हें पास की लोकेशन के बराबर करने के लिए युक्तियुक्तकरण किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्लाट के न्यूनतम रेट 1000 रुपए प्रति वर्ग मीटर तथा व्यावसायिक रेट 2000 रुपए प्रति वर्ग मीटर किए जा रहे हैं।

दबंग

दबंग 6/3/22

# बदहाल सड़कों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने निकले कलेक्टर और विधायक

रतलाम » दबंग रिपोर्टर



शहर की बदहाल सड़कों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने शनिवार को निगम प्रशासक और कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तथा विधायक चैतन्य काश्यप स्वयं पहुंचे। दोनों ने निर्माण की तैयारियों का जायजा लिया। गौरतलब है कि रतलाम शहर की जर्जर हो चुकी सड़कों के निर्माण के लिए टेंडर जारी होने के बाद भी ठेकेदारों द्वारा की जा रही लेटलतीफी पर कलेक्टर ने निगम के अधिकारियों और ठेकेदारों की बैठक बुलाकर शनिवार तक हर हाल में कार्य शुरू कर देने की हिदायत दी थी। उसके बाद आज कलेक्टर निर्माण कार्य देखने खुद फील्ड में उतरे और सभी निर्माण साइटों पर जाकर कार्य की प्रगति देखी। शायर चबूतरा क्षेत्र में बन रही सड़क के ठेकेदार ने होली के बाद निर्माण कार्य शुरू किए जाने की बात कही तो कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में हिदायत दी कि यदि लेबर की व्यवस्था नहीं है तो टेंडर क्यों लेते हो। कलेक्टर ने निगम के अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण कर लेने का अल्टीमेटम भी दिया है।

दरअसल कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगम अधिकारियों की बैठक लेकर शहर की बदहाल सड़कों को दुरुस्त करने और शनिवार तक हर हाल में निर्माण कार्य शुरू करने का अल्टीमेटम दिया था। जिसके बाद निगम अधिकारियों ने आनन-फानन में ठेकेदारों को बुलाकर जल्द से जल्द कार्य शुरू करने के निर्देश जारी किए थे। नगर निगम के द्वारा करवाए जा रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करने कलेक्टर स्वयं पहुंचे थे। जहां उन्होंने निगम अधिकारियों को सभी पेंडिंग निर्माण कार्य शुरू करने और समय सीमा में पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर विधायक चैतन्य काश्यप भी निगम के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। विधायक ने भी समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

दबंग ६/३/२२

# सफाई मित्रों को मिलेगा 150 रूपए मासिक जोखिम भत्ता : मुख्यमंत्री श्री चौहान

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि शहरों, कस्बों और ग्रामों को स्वच्छ रखने वाले सफाई मित्र मेरे लिए पूज्यनीय है। सफाई मित्रों के पसीना बहाने के फलस्वरूप ही स्वच्छता बनी रहती है। यह सबसे बड़ा काम है। यदि सफाई मित्र यह काम न करें, तो शहर बीमार हो जाएंगे। इनका सेवा भाव प्रशंसनीय है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज अपनी जन्म वर्ष गाँठ पर स्थानीय मोतीलाल नेहरू विज्ञान महाविद्यालय खेल मैदान में सफाई मित्रों को भोजन परोसा, उनका सम्मान किया, सार्वजनिक कार्यक्रम में दो सफाई मित्रों श्री छोटेलाल और श्रीमती निर्मलाबाई के पैर धोकर (पाद प्रक्षालन कर) उनके साथ बैठकर भोजन भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कन्याओं के पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में कचरा मुक्त शहर के लिए स्टार रेटिंग के आधार पर सफाई मित्रों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इसके लिए चार पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही सफाई मित्र को प्रतिमाह 150 रूपए का जोखिम भत्ता भी दिया जाएगा। पुरस्कारों के लिए 25 करोड़ रूपए की राशि का प्रावधान होगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी सफाई मित्रों का मैं हृदय से सम्मान करता हूँ। आज का कार्यक्रम सिर्फ कर्मकाण्ड नहीं है। सफाई मित्रों ने अपनी मेहनत से प्रदेश के ग्रामों, नगरों और कस्बों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में पूरा सहयोग दिया है। इसलिए आज सफाई मित्रों को सेवा सम्मान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज अपनी जन्म वर्ष गाँठ पर पहले मैंने पौधा लगाया, फिर सफाई और श्रमदान का कार्य कर सफाई मित्रों के पैर धोने और उनके साथ भोजन करने के इस कार्यक्रम में शामिल हो रहा हूँ। प्रसारण

प्रसारण ५/३/२२

# पेड़ लगाए धरती मां का श्रृंगार करें जन-जन अंकुर महाअभियान

◆ औषधीय पेड़ रोपण करना भेंट करना सर्वश्रेष्ठ उपहार है मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

◆ आओ मिलकर संक्रमण मुक्त प्राणवायु का संचार कर औषधीय उद्यानों को विकसित करें

प्रसारण न्यूज़ ◆ रतलाम

राष्ट्र वंदना लिए आज़ादी का अमृत महोत्सव भारत सरकार म.प्र. शासन रतलाम जिला प्रशासन के अथक प्रयासों से अंकुर महाअभियान के तहत स्वच्छ स्वस्थ समृद्ध हरा-भरा हों स्वराज हमारा संकल्प लिए अधिकाधिक संख्या में औषधीय गुणों से भरपूर पौधारोपण कार्य कर प्रकृति पर्यावरण संरक्षण संवर्धन संकल्प लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिवस पर विधायक चेतन्य काश्यप कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एसपी अभिषेक तिवारी निगम आयुक्त सोमनाथ झारीया के मार्गदर्शन व सामाजिक संगठनों के सहयोग से पतंजलि युवा भारत जिला रतलाम म.प्र.पश्चिम पांचों संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में युवा जिला प्रभारी विशाल कुमार वर्मा के नेतृत्व में 5 मार्च प्रातः10 बजें अमृत सागर तालाब उद्यान परिसर त्रिपोलिया गेट रतलाम पर किया गया।



प्रसारण

प्रसारण 6/3/22

### मुख्यमंत्री ने जन्मदिन पर सफाई मित्रों को दी बड़ी सौगात

# स्टार रेटिंग के आधार पर सफाई मित्रों को मिलेंगे एक से सात हजार

भोपाल (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने शनिवार को अपने जन्मदिन पर प्रदेश के सफाई मित्रों को बड़ी सौगात दी है। प्रदेश में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में कचरा मुक्त शहर के सफाई मित्रों को स्टार रेटिंग के आधार पर पुरस्कार राशि दी जाएगी।

- **प्रतिमाह 150 रुपए जोखिम भत्ता भी मिलेगा**
- **पुरस्कार पर 25 करोड़ और जोखिम भत्ता पर 12 करोड़ रुपए खर्च करेगी सरकार**

एक स्टार प्राप्त करने वाले शहरों के प्रत्येक सफाई मित्र को एक हजार रूपए, तीन स्टार प्राप्त करने वाले शहरों के प्रत्येक सफाई मित्र को तीन हजार, पांच स्टार प्राप्त करने वाले शहरों के प्रत्येक सफाई मित्र को पांच हजार रूपए और सात स्टार प्राप्त करने वाले शहरों के प्रत्येक सफाई मित्र को सात हजार रूपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इतना ही नहीं अब सफाई मित्रों को प्रतिमाह 150 रुपए जोखिम भत्ता भी मिलेगा। जोखिम भत्ते पर सरकार प्रतिवर्ष 12 करोड़ रुपए खर्च करेगी, वहीं पुरस्कार के लिए 25 करोड़ रुपए का इंतजाम किया जाएगा।



## दो सफाई मित्रों के पैर धोए, साथ भोजन किया

मुख्यमंत्री चौहान ने शनिवार को अपनी जन्म वर्षगांठ पर स्थानीय मोतीलाल नेहरू विज्ञान महाविद्यालय खेल मैदान में सफाई मित्रों को भोजन परोसा, उनका सम्मान किया। सार्वजनिक कार्यक्रम में दो सफाई मित्रों छोटेलाल और श्रीमती निर्मलाबाई के पैर धोकर उनके साथ बैठकर भोजन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक सफाई मित्र अपने शहर को 5 स्टार या 7 स्टार दिलवाने का प्रयास करें। नागरिक भी सहयोग करें। हमारे सफाई कर्मी अब हमारे सफाई मित्र हैं और ये सफाई मित्र के नाम से ही पहचाने जाएंगे।

## कार्यक्रम कर्मकाण्ड नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सफाई मित्रों का मैं हृदय से सम्मान करता हूं। आज का कार्यक्रम सिर्फ कर्मकाण्ड नहीं है। सफाई मित्रों ने अपनी मेहनत से प्रदेश के ग्रामों, नगरों और कस्बों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में पूरा सहयोग दिया है। इसलिए आज सफाई मित्रों को सेवा सम्मान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अपनी जन्म वर्षगांठ पर पहले मैंने पौधा लगाया, फिर सफाई और श्रमदान का कार्य कर सफाई मित्रों के पैर धोने और उनके साथ भोजन करने के इस कार्यक्रम में शामिल हो रहा हूं।

## प्रधानमंत्री मोदी हैं प्रेरक

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वच्छता के मामले में हम सभी के प्रेरक हैं। शहरों के साथ ही सभी स्थानों में स्वच्छता और सुंदरता का महत्व है। बापू ने भी कहा था कि जहां स्वच्छता होती है वहीं भगवान रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि सफाई मित्रों के बच्चों की पढ़ाई-लिखाई सहित अन्य कठिनाइयों को दूर करने के प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए पृथक से समस्याओं का अध्ययन कर समाधान की राह निकालेंगे।

## प्रदेश में 61142 सफाई मित्र

नगरीय क्षेत्रों में कचरे के प्रबंधन के लिए गारबेज फ्री सिटी की अवधारणा पर वर्ष 2020 से स्वच्छ भारत में अमल किया जा रहा है। इसके लिए नगरों के मूल्यांकन मानदंड निर्धारित हैं। इसमें कचरे के प्रबंधन के स्तर के अनुसार 1, 3, 5 और 7 स्टार की रैंक नगरीय निकायों को प्रदान की जाती है। प्रदेश में इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल, रीवा और सागर में विभिन्न तरह के 61 हजार 142 सफाई मित्र कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में बताया गया कि निकायों द्वारा जीरो वेस्ट सिद्धांत पर कचरा उत्सर्जन का कार्य किया जा रहा है।

राज एक्सप्रेस 6/3/22

# 15 मई तक सड़कें और वूमन स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स निर्माण पूरा करें

## टेंडर जारी : विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने किया शहर का दौरा, दिए आवश्यक निर्देश

तलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में करीब 5 करोड़ रुपये के टेंडर सड़कों के निर्माण के लिए जारी किए गए हैं। टेंडर के बाद निर्माण तेजी से व गुणवत्ता पूर्वक हो, से लेकर शनिवार को शहर विधायक चेतन्य काश्यप व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा निरीक्षण किया गया। सड़कों के संबंध में ठेकेदारों को 15 मई तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि होली के बाद काम में तेजी आएगी।

निरीक्षण के दौरान विधायक काश्यप द्वारा चौमुखीपुल से गणेश देवरी तक सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया गया। एक माह में सड़क का निर्माण कर लिया जाएगा। पैलेस रोड से लगे चक्की वाली गली में सड़क निर्माण को लेकर विधायक द्वारा निर्देशित किया गया कि कोई भी जगह निर्माण से छूटे नहीं, कच्ची जगह पक्की की जाए। आवश्यकता होने पर पेवर ब्लाक लगाए जाएं। इस दौरान एडीएम राजेश शुक्ला, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि मौजूद रहे।




शहर भ्रमण के दौरान नक्शा देखते हुए विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम आदि। • नईदुनिया

### विकास कार्यों की समय सीमा तय की

#### 01-शेरानीपुरा जमातखाने से लेकर हजीरा पुलिया

इस क्षेत्र में बनने वाली सीसी रोड के लिए निरीक्षण के दौरान पर्याप्त स्थान उपलब्धता पर 12 मीटर चौड़ी सड़क बनाना तय किया गया। रविवार से छह मीटर सड़क निर्माण शुरू कर दिया जाएगा जो पूर्व में चार मीटर प्रस्तावित था। शेष छह मीटर सड़क निर्माण के लिए टेंडर जारी होंगे। पोल शिफ्टिंग भी किए जाएंगे। पूरी चौड़ाई में सड़क बनाने के लिए रजिस्ट्री जांच के अतिक्रमण होने पर हटाया जाएगा। हजीरा पुलिया भी नए सिरे से बनाई जाएगी।

#### 02- टैंकर रोड से जेवीएल मंदिर तक बनेगी सड़क

मार्निंग स्टार से टैंकर रोड सड़क निर्माण पूरा हो गया है। निरीक्षण में बताया गया कि आगे औद्योगिक क्षेत्र तक कनेक्टिविटी देने के लिए छूटे हुए हिस्से के साथ ही आगे जेवीएल मंदिर तक रास्ता बनाया जाएगा। इसके बाद इंद्रलोक नगर मेन रोड निर्माणाधीन डामरीकरण कार्य देखा गया।

#### 03- स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में टेबल टेनिस-बैडमिंटन हाल की सुविधा

जनचेतना मूक बधिर स्कूल परिसर में 72 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण अब तेजी से हो रहा है। निरीक्षण में बताया गया कि यहां टेबल टेनिस तथा बैडमिंटन हाल की सुविधा रहेगी। 15 मई तक निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

#### 04-सब्जी व फल विक्रेताओं के लिए स्थान तय

विनोबा नगर मुक्तिधाम में विधायक निधि से शेड निर्मित किया जा रहा है। सामने के चौराहे पर विधायक द्वारा नागरिकों की मांग पर हाई मास्ट लगाने के निर्देश दिए गए। मुक्तिधाम के बगल में खाली पड़ी भूमि पर सब्जी तथा फल वालों के लिए स्थान देने के लिए कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सैलाना ओवरब्रिज के नीचे एवं एमपीईबी ग्रिड के सामने खाली पड़ी भूमि पर भी इंतजाम किए जाएंगे। साक्षी पेट्रोल पंप के सामने 20 हजार वर्ग फीट भूमि का उपयोग भी फल तथा सब्जी विक्रेताओं के लिए किया जाएगा।

### यह निर्देश भी दिए

- डोंगरे नगर में निर्माणाधीन सीमेंट कांक्रीट सड़क निरीक्षण में विधायक ने निर्देश दिए कि कोई भी जगह छूटे नहीं और जहां अतिक्रमण हो उसे हटाकर कार्य किया जाए।
- अंबे माता चौक से साई बिल्डिंग तक डामर सड़क निर्माण, सेठजी के बाजार में ढाई सौ मीटर लंबे मार्ग निर्माण के लिए निरीक्षण किया गया। नयागांव क्षेत्र में पूर्व पार्षद सीमा टांक द्वारा क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के संबंध में जानकारी दी।

नई

नईदुनिया 6/3/22

# स्वीकृत कार्यो की हकीकत जानने निकले कलेक्टर और विधायक, सोमवार से काम शुरू करने की हिदायत

दैनिक अवन्तिका ►► रतलाम



कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम व शहर विधायक चेतन्य काश्यप शनिवार सुबह नगर निगम के निर्माण कार्यों के निरीक्षण पर निकले। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के जन्मदिन के अवसर पर अंकुर अभियान के तहत सुबह 11 बजे अमृतसागर तालाब पर पौधारोपण कार्यक्रम के बाद विधायक काश्यप व कलेक्टर पुरुषोत्तम ने अमृतसागर तालाब परियोजना के कार्य का निरीक्षण किया। तालाब परियोजना के निरीक्षण के बाद विधायक व अधिकारियो ने चौमुखीपूल से गणेश देवरी तक बनने वाली सीसी रोड़ का भूमि पूजन किया।

कलेक्टर ने सभी कार्यों के निरीक्षण के दौरान जिम्मेदारों को समयावधि में कार्य पूरे करने के सख्त निर्देश दिए। शहर विधायक ने निर्देश दिए की कार्य के दौरान आमजन को समस्या ना हो इसका ध्यान रखा जाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, राजेश पाटीदार, दीक्षा निजामपुरकर आदि मौजूद थे।

गौरतलब है की कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बुधवार को हुई समीक्षा बैठक के दौरान असंतोष व्यक्त करते हुए कहा था की शहर में नगर निगम द्वारा बड़ी संख्या में कार्य स्वीकृत किए गए हैं परंतु कार्य होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। जिसके बाद आज कलेक्टर व विधायक ने संयुक्त रूप से 10 से अधिक स्थानो पर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

**इन स्थानों का किया निरीक्षण**

विधायक व कलेक्टर ने चौमुखीपूल से गणेशदेवरी तक सीसी रोड़ के भूमि पूजन के बाद वहां की ट्रैफिक व्यवस्था, अतिक्रमण व सब्जी विक्रेता के साथ हॉकर्स को विस्थापित करने पर चर्चा की। इसके बाद पैलेस रोड़ पर नव निर्मित सीसी रोड़ की गुणवत्ता को जानने व अधूरे कार्य को जल्द पुरा करने के निर्देश दिए। सेठ जी का बाजार में बनने वाली सीसी रोड़ के निरीक्षण के दौरान ठेकेदार ने लेबर की समस्या का हवाला देते हुए काम 18 मार्च के बाद करने की बात कही तो कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में ठेके[illegible] को सोमवार से काम को शुरू क[illegible] की हिदायत दी। कलेक्टर [illegible] विधायक ने साथ ही आन[illegible] कॉलोनी, डोंगरे नगर, टैंकर रो[illegible] मॉर्निंग स्टार स्कूल क्षेत्र की रोड़ [illegible] जायजा लिया।

कलेक्टर व विधायक [illegible] जवाहर नगर मुक्तिधाम पहुंच[illegible] वहां बन रहे शेड के निर्माण क[illegible] तथा पास की भूमि पर हॉकर्स ज[illegible] के निर्माण को लेकर आवश्य[illegible] दिशा निर्देश निगम अधिकारियो [illegible] दिए। हॉकर्स जॉन के निर्माण [illegible] लेकर अधिकारी सैलाना रो[illegible] ओवर ब्रिज के नीचे भी पहुंच[illegible] निरीक्षण किया। जल्द ही मुख[illegible] बाजारों से हॉकर्स झोन की शिफ्ट[illegible] इन दो चयनित स्थानों पर करने [illegible] तैयारी की जाएगी। अवन्तिका

अंवतिका 6/3/22

**सख्ती** • विधायक चेतन्य काश्यप और कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने देखे सारे काम

# डांट पड़ी तो दो दिन में शुरू हो गया 6 सड़कों का सीसी व 4 का डामरीकरण

### 10 में से 8 सड़कों का काम देखा, 2 जगह नहीं गए विधायक व कलेक्टर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

विकास कार्यों को टालने नगर निगम में चल रही अफसर और ठेकेदारों की जुगलबंदी की पोल शनिवार को खुल गई। वर्क ऑर्डर होने के बाद भी जो काम अब तक शुरू नहीं हो पाए थे। कलेक्टर की डांट पड़ते ही दो दिन में चालू हो गए। वह भी एक-दो नहीं पूरी 10 सड़कों का निर्माण। इनमें से 6 पर सीमेंट कांक्रीट तो 4 पर डामरीकरण होने लगा है। अचानक धड़ल्ले से काम होते देख जनता तो हैरान है ही, शनिवार को निरीक्षण पर निकले विधायक चेतन्य काश्यप और कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम भी चौंक गए, क्योंकि पहली बार शहर में इतनी सारी सड़कों का एक साथ नवीनीकरण होते देखा। दरअसल यह असर था बुधवार (2 मार्च) को कलेक्टर और निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम की चेतावनी का, जिसमें कलेक्टर ने सारे मंजूर काम शनिवार तक शुरू नहीं होने पर ठेकेदार की अर्नेस्ट मनी जब्त करने और ब्लैक लिस्टेड करने को कहा था। विधायक और कलेक्टर ने 10 में से 8 सड़कों का निर्माण चेक किया, इंद्रलोक नगर मुख्य मार्ग और प्रताप नगर सड़क देखने नहीं गए।

## वाह रे अफसर व ठेकेदार : सीमेंट कांक्रीट पर भी कर दिया डामरीकरण



यह नजारा है अलकापुरी अंबे माता से सांई बिल्डिंग तक किए जा रहे डामरीकरण का, टैगोर कॉलोनी तिराहे से हनुमान मंदिर तक बढ़िया सीसी रोड था, ठेकेदार ने उस पर डामर बिछा दिया। रहवासियों ने विरोध किया लेकिन कोई सुनने वाला नहीं था।

जिन सड़कों का काम चल रहा है, उनमें दो अंबे माता मंदिर से सांई बिल्डिंग और इंद्रलोक नगर रोड ऐसी है, जहां पहले ही अच्छा भला सीमेंट कांक्रीट किया हुआ था। बावजूद इसके ताबड़तोड़ डामर बिछा दिया गया। इस संबंध में इंजीनियर मनीष तिवारी का कहना है सीसी पर डामरीकरण करने से उसकी उम्र 8 से 10 साल बढ़ जाती है क्योंकि बेस मजबूत रहता है। इसके लिए सरकारी ने भी सर्कुलर जारी कर रखा है।

**15 मई का टारगेट, ठेकेदार के पास लेबर नहीं है. -** दो दिन में शहर में जिन सड़कों का नवीनीकरण चालू हुआ है, उन पर 5 करोड़ खर्च होंगे। विधायक काश्यप और कलेक्टर पुरुषोत्तम ने ठेकेदारों को 15 मई तक काम पूरा करने का टारगेट दिया है। सेठजी का बाजार में कलेक्टर ठेकेदार के जवाब से उखड़ गए। दरअसल सेठजी का बाजार रोड पर सिर्फ चूने की लाइन डली थी। यह देख कलेक्टर ने ठेकेदार से काम के बारे में पूछा तो बोला अभी लेबर नहीं है, होली बाद तेजी से करेंगे। कलेक्टर दो टूक बोले लेबर की व्यवस्था नहीं कर सकते तो टेंडर क्यों लिया।

## कहां-कहां हुआ : रोड चौड़ा होगा, डामरीकरण करेंगे

- जमात खाने से हजीरा पुलिया तक बनने वाली सीसी रोड पर्याप्त जगह होने पर 12 मीटर चौड़ा बनाने का तय किया। रविवार से 6 मीटर सड़क निर्माण शुरू हो जाएगा। बाकी 6 मीटर के लिए अलग से टेंडर होंगे। चौड़ाई कम मिलने पर रजिस्ट्री चेक करके अतिक्रमण हटाएंगे।
- मॉर्निंग स्टार से टैंकर रोड सड़क निर्माण हो चुका लेकिन आगे जाकर औद्योगिक क्षेत्र तक कनेक्टिविटी देने के लिए छूटे हुए हिस्से पर डामरीकरण करने का फैसला हुआ। इसे आगे जेवीएल मंदिर तक बनाया जाएगा।
- विनोबा नगर मुक्तिधाम में विधायक निधि से बन रहे शेड को देखा। इसके सामने वाले चौराहे पर विधायक ने हाई मास्ट लगाने के निर्देश दिए।

## शुरू हो गया इन सड़कों का काम

**डामरीकरण -** चौमुखीपुल से चौड़ावास, अलकापुरी अंबे माता मंदिर से राधाकृष्ण मंदिर होकर टैंकर रोड सांई बिल्डिंग मटेरियल तक, इंद्रलोक नगर मुख्य मार्ग, देवरा देवनारायण नगर तक

**सीमेंट कांक्रीट -** सेठजी का बाजार मुख्य मार्ग, मुखर्जी नगर पानी की टंकी वाली रोड, गांधी नगर से डीडी नगर चांदमारी तक, सूरजमल जैन मैन रोड, आनंद कॉलोनी जमातखाना रोड, प्रताप नगर मुख्य मार्ग।

रोड मैप के अनुसार सीवरेज और पाइप लाइन की खुदाई से खराब शहर की सड़कें नई बनना है। दो दिन में बहुत काम शुरू हो चुके हैं। इन्हें समय पर पूरा करने की हिदायत दी है। ।

**चेतन्य काश्यप,**
विधायक

भास्कर

दै. भास्कर 6/3/22



# मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर विधायक और कलेक्टर ने किया पौधारोपण

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्म दिवस के अवसर पर 5 मार्च को अमृत सागर उद्यान में विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, राजेंद्रसिंह लुनेरा द्वारा वृक्षारोपण किया गया। उनके अलावा सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, मनोहर पोरवाल, अशोक पोरवाल, बजरंग पुरोहित, प्रदीप उपाध्याय, निमिष व्यास, गोविंद काकानी, के.के. सोनी, डूडा प्रभारी अरुण पाठक, जिला प्रबंधक आजीविका मिशन हिमांशु शुक्ला, जन अभियान परिषद प्रबंधक श्री रत्नेश विजयवर्गीय, जिला शिक्षा अधिकारी के.सी.शर्मा ने भी वृक्षारोपण किया। २१७

२१७ एक्सप्रेस 6/3/22

# मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर विधायक,कलेक्टर ने वृक्षारोपण किया

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के जन्म दिवस के अवसर पर 5 मार्च को अमृत सागर उद्यान में विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, राजेंद्रसिंह लुनेरा द्वारा वृक्षारोपण किया गया। उनके अलावा सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, मनोहर पोरवाल, अशोक पोरवाल, बजरंग पुरोहित, प्रदीप उपाध्याय, निमिष व्यास, गोविंद काकानी, केके सोनी, डूडा प्रभारी अरुण पाठक, जिला प्रबंधक आजीविका मिशन हिमांशु शुक्ला, जन अभियान परिषद प्रबंधक रत्नेश विजयवर्गीय, जिला शिक्षा अधिकारी केसी शर्मा ने भी वृक्षारोपण किया। अमृत सागर उद्यान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के अलावा विभिन्न संगठनों के युवा जन भी बड़ी संख्या में मौजूद थे जिनके द्वारा वृक्षारोपण में सहभागिता की गई। इनमें दृश्य वेलफेयर सोसाइटी के नवोदित बैरागी, रोबिन हुड आर्मी के जय तलेरा, मृदुल मूणत, मानस मित्तल तनिषा जैन, अभिनव जैन, यश मित्तल, तनु बाफना, हर्षिका राव शामिल थे। नवभारत

नवभारत 6/3/22